# 2023-24 में 4.67 करोड़ लोगों को मिला रोजगार, पांच साल में 8 करोड़

**नई दिल्ली।** देश में बीते वित्त वर्ष यानी 2023-24 में 4.67 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। इसके साथ ही, कुल कार्यरत लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ पहुंच गई है। आरबीआई की जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में रोजगार की संख्या बीते वित्त वर्ष में छह फीसदी बढ़ी है।

उधर, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा, 2017-18 से 2021-22 के दौरान पांच वर्षों में 8 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। आरबीआई ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा,



**64.33** करोड़ पहुंच गई है कुल कार्यरत लोगों की संख्या

2022-23 में रोजगार निर्माण 3.2 फीसदी की दर से बढ़ा था। 27 क्षेत्रों में काम करने वालों की संख्या 2022-23 में 3.31 फीसदी बढ़कर 59.66 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई है। इसमें कृषि, ट्रेड और वित्तीय सेवाएं भी शामिल हैं। 2021-22 में यह संख्या 57.55 करोड़ थी। आरबीआई ने कहा, यह रिपोर्ट प्रोविजनल है और उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर तैयार की गई है। उधर, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को सिटी समूह की जारी रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा, 2017-18 से 2021-22 के बीच हर वर्ष औसतन दो करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। एजेंसी